प्रकाशनार्थ

10 नवम्बर 2024 गोरखपुर।

श्री गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा, जटाशंकर, गोरखपुर एवं गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन गुरूद्वारा परिसर में किया गया।

रक्तदान शिविर के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल जी ने कहा कि वे सर्वप्रथम गुरूद्वारा कमेटी के प्रति खुशी व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हैं कि रक्तदान के लिए कमेटी प्रत्येक माह में गुरूद्वारा परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा।

उन्होंने कहा की युवाओं में रक्तदान को लेकर बहुत सारी भ्रांतियां दूर हो रही हैं और वह अब रक्तदान के प्रति जाकरूक हो गए है, स्वयं भी रक्तदान कर रहे है और लोगों को प्रेरित भी करते है। यह मानवता के लिए एक अच्छा संदेश है।

श्री अग्रवाल जी ने कहा कि शिविर की विशेषता यह कि गुरूद्वारा परिसर में उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्य जगनैन सिंह नीटू ने 79 बार रक्तदान किए तथा उनके पुत्र और पुत्री ने भी इस रक्तदान शिविर में रक्तदान किया।

गुरूद्वारा जटाशंकर के अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी ने पुर्वांचल में सबसे अधिक बार रक्तदान करने का कीर्तिमान स्थापित किया है और उन्होंने बताया कि रक्तदान करके हम केवल दुसरों का ही जीवन नही बचाते, बल्कि इससे रक्तदान का वातावरण निर्मित होता है। इस तरह स्वयं को कभी रक्त कि आवश्यकता पडने पर भी आसानी से रक्त की उपलब्धता हो सकेगी । इसमे रक्तदाता के जीवन की सुरक्षा भी निहित है।

आज के रक्तदान शिविर में जसपाल सिंह, नीटू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त नगर के गणमान्य व्यक्तियों सहित भारी संख्या में लोग रक्तदाताओं के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित थे।

आज के रक्तदान शिविर में जगनैन सिंह, जगमीत सिंह, चरनप्रित सिंह, तेज सिंह, हितेश जायसवाल, मनोज आनन्द, अरपित राज सहित लगभग 25 लोगों ने रक्तदान किया। आज विशेष दिन रहा जब राज्य पंजाबी अकादमी के जगनयन जी

ने 79 वि बार रक्तदान किया तथा उनके पुत्र एवं पुत्री ने भी रक्तदान कर सभा गौरांवित किया

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्नीशियन एवं कर्मचारीयों का महत्वपुर्ण योगदान रहा।